पत्रांक : 04/NULM-73/16.................... // न०वि०एवंआ०वि०

बिहार सरकार

नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

चैतन्य प्रसाद, भा0प्र0से0
प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवा में,

नगर आयुक्त, सभी नगर निगम।
नगर कार्यपालक पदाधिकारी,
सभी नगर परिषद् एवं नगर पंचायत।

पटना,दिनांक -------------

विषय : दीनदयाल अंत्योदय योजना -राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के EST&P घटक के अंतर्गत Government Training Providers (GTPs) द्वारा आवासीय कौशल प्रशिक्षण के क्रियान्वयन में आवश्यक संशोधन के संबंध में।

प्रसंग:- विभागीय पत्र संख्या-2130 दिनांक-15.09.2017

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक वर्णित पत्र का संदर्भ लिया जाय (सुलभ संदर्भ हेतु पत्र की प्रति संलग्न है)। दिनांक 11 जनवरी ,2018 को आयोजित नगर निकायों की विभागीय समीक्षा बैठक के क्रम में ज्ञात हुआ कि GTP के साथ प्रशिक्षण हेतु लाभुकों के mobilization कर बैच के Formation में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है यथा दो नगर निकाय मिलकर भी कौशल प्रशिक्षण हेतु बैच का निर्माण नहीं कर पा रहे हैं जिस कारण प्रशिक्षण प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। इन कठिनाईयों पर विचार करते हुए पूर्व के प्रासंगिक पत्र के कंडिका (3) में निम्न संशोधन किये जाते है :

प्रासंगिक पत्र के कंडिका-3 में उल्लेखित विवरण	प्रासंगिक पत्र के कंडिका-3 में संशोधित विवरण
इसके अलावा यदि एक नगर निकाय निर्धारित एक बैच हेतु लाभुकों को mobilize करने में सक्षम नहीं हो तो वैसी स्थिति में दो नगर निकाय मिलकर निर्धारित एक बैच हेतु लाभुकों को mobilize करने हेतु विभाग को प्रस्ताव भेजेंगे ताकि विभाग के स्तर से निदेशित किया जा सके एवं सम्बंधित दोनों नगर निकाय GTP के साथ एकरारनामा कर कौशल प्रशिक्षण प्रारंभ करेंगे।	इसके अलावा यदि एक नगर निकाय निर्धारित एक बैच हेतु लाभुकों को mobilize करने में सक्षम नहीं हो तो वैसी स्थिति में **दो या दो से अधिक नगर निकाय (कम से कम प्रति निकाय 10 की संख्या)** मिलकर निर्धारित एक बैच हेतु लाभुकों को mobilize करके विभाग को प्रस्ताव भेजेगें ताकि विभाग के स्तर से निदेशित किया जा सके एवं सम्बंधित नगर निकाय GTP के साथ एकरारनामा कर कौशल प्रशिक्षण प्रारंभ करेंगे।

कंडिका 3 के अलावा प्रासंगिक पत्र (पत्र संख्या-2130 दिनांक-15.09.2017) के सभी बिन्दु यथावत् रहेंगें।

विश्वासभाजन
ह0/-
प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक:-04/NULM-73/16 पटना/दिनाकं
प्रतिलिपि:-प्रधान सचिव-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/-
प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक:-04/NULM-73/16 193 पटना/दिनाकं 30/01/18
प्रतिलिपि:-सम्बंधित सभी GTP प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

24/1/2018
प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग